दैनिक
विश्वनाथ समाचार
RNI NO. MPHIN/25/A4357
संदीप परमार (सेन)
(प्रधान संपादक)
मो. 9755161156
www.vishwanathsamachar.com | इंदौर, गुरुवार 12 नवम्बर 2026 | वर्ष 1 | कुल पृष्ठ : 8 | DIGITAL EDITION

स्वच्छता सर्वेक्षण में देपालपुर ने बनाई देशभर में अलग पहचान, इंदौर के साथ हासिल किया उत्कृष्ट स्थान



इंदौर फिर बना सिरमौर...

अब देश को स्वच्छता का पाठ पढ़ा रहा शहर



मोस्ट इंस्पायरिंग सिटी में सर्वाधिक अंक हासिल कर बनाई पहचान, वन सिटी-वन अवॉर्ड में देशभर में दूसरा स्थान इंदौर की स्वच्छता जोड़ी देपालपुर 1710वीं रैंक से पहुंची नंबर वन, 25 हजार आबादी वाली श्रेणी में हासिल किया पहला स्थान



संदीप परमार (सेन)
प्रधान संपादक-9755161156
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। स्वच्छता के क्षेत्र में तीर्थ नगरी देपालपुर ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए इंदौर के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छता सर्वेक्षण में मिली इस सफलता से नगर का गौरव बढ़ा है। इस उपलब्धि के पीछे नगरवासियों की सहभागिता, जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन, नगर परिषद की कार्ययोजना और सफाई मित्रों की निरंतर मेहनत प्रमुख रही है। नगर को स्वच्छता के इस मुकाम तक पहुंचाने में जनजागरूकता के साथ-साथ घरों से निकलने वाले कचरे के पृथक्करण पर विशेष ध्यान दिया गया। इसी क्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चिंटू वर्मा ने अपने निजी खर्च से 11 लाख रुपये की राशि लगाकर नगर के लगभग 7 हजार घरों में 14 हजार डस्टबिन वितरित करवाए। प्रत्येक घर में गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन उपलब्ध होने से कचरे के पृथक्करण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने में मदद मिली। गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने से कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया सुगम हुई। साथ ही प्रोसेसिंग ग्राउंड में भी व्यवस्था एवं स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग मिला। कचरे का उचित वर्गीकरण और उसके व्यवस्थित निष्पादन की व्यवस्था इस अभियान के महत्वपूर्ण आधार बने। इस पूरी मुहिम में नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका रही। वहीं सफाई मित्रों ने नियमित सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लगातार मेहनत की। इंदौर नगर निगम के महापौर सहित संबंधित टीम का सहयोग और मार्गदर्शन भी इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण रहा। स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने में पत्रकारों का योगदान भी उल्लेखनीय रहा। समाचारों और जनसंचार के माध्यम से स्वच्छता अभियान को व्यापक प्रचार मिला, जिससे नागरिकों में साफ-सफाई और कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूकता बढ़ी। देपालपुर को मिली यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति या संस्था का नहीं, बल्कि पूरे नगर के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

इंदौर। इंदौर ने एक बार फिर यही साबित किया है। स्वच्छता के क्षेत्र में मोस्ट इंस्पायरिंग सिटी के रूप में सर्वाधिक अंक हासिल कर इंदौर ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। वहीं, वन सिटी-वन अवॉर्ड के तहत स्वच्छता जोड़ी पहल में देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है।

इस उपलब्धि की सबसे खास बात यह है कि इंदौर के मार्गदर्शन में जुड़ा देपालपुर अपनी श्रेणी में देश का नंबर वन शहर बन गया है। पिछले सर्वेक्षण में 1710वीं रैंक पर रहे देपालपुर ने लंबा सफर तय कर यह मुकाम हासिल किया। राष्ट्रीय मंच पर इंदौर की स्वच्छता यात्रा का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी इंदौर को इंस्पायरिंग सिटी के रूप में रेखांकित किया। यह इंदौर के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब उसकी पहचान केवल खुद स्वच्छता में उपलब्धियां हासिल करने वाले शहर की नहीं, बल्कि दूसरे शहरों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने वाले मॉडल की भी बन रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस उपलब्धि का श्रेय पूरे इंदौर को देते हुए सफाई मित्रों, नगर निगम के सात हजार से अधिक कर्मचारियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शहर की जनता और मीडिया के साथियों का आभार जताया।

उन्होंने देपालपुर की जनता, वहां के सफाई मित्रों और जनभागीदारी मॉडल से जुड़े सभी लोगों को भी इस सफलता का सहभागी बताया। उनका कहना है कि यह किसी एक व्यक्ति या संस्था का सम्मान नहीं, बल्कि दोनों शहरों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

UP विधानसभा चुनाव में 70 से ज्यादा सीटों पर प्रचार करेंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन



भोपाल। इसमें कोई दोमत नहीं है कि देश की राजनीति का भविष्य तय करने वाला एक बड़ा केंद्र उत्तर प्रदेश है। 403 विधानसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश के राजनीतिक रण में सभी दलों ने अपना बिगुल फूंक दिया है। तीखे बयानों की जंग और ताबड़तोड़ रैलियों से चुनावी माहौल गर्माने लगा है। इस बीच, यूपी चुनावों में बीजेपी के लिए मध्य प्रदेश का प्रभाव सबसे खास और भारी दिखाई देने वाला है। इसकी मुख्य वजह उत्तर प्रदेश के निर्णायक यादव वोटर्स के समीकरण को साधने के लिए एमपी के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का राजनीतिक प्रभाव और उनकी लोकप्रियता है।दरअसल उत्तर प्रदेश में यादव मतदाता सत्ता की चाबी की भूमिका अदा करते हैं। यूपी की कुल आबादी करीब 24 करोड़ है, जिसमें अकेले यादव समुदाय की संख्या ढाई करोड़ के आसपास है।

यादव समुदाय 23 फीसदी से भी ज्यादा हिस्सेदारी रखता है। ऐसे में यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी के केंद्रीय संगठन ने मध्य प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव के कंधों पर एक अहम जिम्मेदारी सौंपने की पूरी तैयारी कर ली है। सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक योजना के तहत सीएम डॉ. मोहन यादव की 70 से ज्यादा सभाओं और रैलियों का खाका तैयार किया जा रहा है। देश की सियासत में अब सीएम मोहन यादव का कद और प्रभाव तेजी से बड़ा होता नजर आ रहा है।मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर गौर करें तो उत्तर प्रदेश की योगी कैबिनेट में वर्तमान में सिर्फ एक ही राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ही यदुवंशी हैं।

इंदौर-देपालपुर की स्वच्छता उपलब्धि

जनप्रतिनिधियों के समन्वय और सामूहिक प्रयासों को मिला राष्ट्रीय सम्मान

पुष्यमित्र भार्गव एवं मनोज पटेल की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही है



स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर और देपालपुर को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। राष्ट्रपति के हाथों मिला यह सम्मान जनभागीदारी, समर्पण और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं देपालपुर विधायक मनोज पटेल की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही है। भार्गव के नेतृत्व में स्वच्छता परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाने के प्रयास हुए, वहीं विधायक पटेल ने देपालपुर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जनसहभागिता को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दैनिक विश्वनाथ समाचार
इंदौर, गुरुवार 12 नवम्बर 2026

स्वच्छता की उपलब्धि से देपालपुर का बढ़ा गौरव

विश्वनाथ समाचार -संपादकीय

www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर के लिए यह अत्यंत हर्ष, गौरव और सम्मान का क्षण है कि स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर के साथ कदमताल करते हुए नगर ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर महामहिम राष्ट्रपति महोदया के हाथों सम्मान हासिल किया है। यह उपलब्धि केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि नगर की सामूहिक मेहनत, जनभागीदारी, समर्पण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे देपालपुर की जागरूक जनता, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, देपालपुर विधायक





मनोज पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी और विशेष रूप से दिन-रात मेहनत करने वाले सफाई मित्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सभी के सामूहिक प्रयासों ने देपालपुर को राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान दिलाई है।

यह सम्मान प्रत्येक नगरवासी के लिए गर्व की बात है। साथ ही यह जिम्मेदारी भी है कि हम स्वच्छता को केवल पुरस्कार प्राप्त करने तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी दैनिक जीवनशैली और संस्कारों का हिस्सा बनाएं। स्वच्छ नगर ही स्वस्थ, सुंदर और विकसित नगर की पहचान होता है।

आवश्यकता इस बात की है कि जनप्रतिनिधि, प्रशासन और आम नागरिक इसी एकजुटता के साथ आगे भी कार्य करते रहें, ताकि स्वच्छता की यह उपलब्धि निरंतर बनी रहे और देपालपुर भविष्य में भी नई ऊंचाइयां हासिल करे। देपालपुर की यह सफलता पूरे नगर की सफलता है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए सभी सहभागी बधाई के पात्र हैं। उम्मीद है कि सामूहिक प्रयासों की यह परंपरा आगे भी कायम रहेगी और देपालपुर स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाए रखेगा।

"यह देपालपुर के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि इंदौर के साथ स्वच्छता की जोड़ी बनाकर नगर ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया और महामहिम राष्ट्रपति महोदया से सम्मान



प्राप्त किया। इस उपलब्धि में नगर की जनता, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, देपालपुर विधायक मनोज पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदों, कर्मचारियों और सफाई मित्रों का सराहनीय योगदान रहा है। सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आशा है कि भविष्य में भी सभी के सहयोग से देपालपुर यह गौरव बरकरार रखेगा।"

जीतू माली

समाजसेवी, देपालपुर

"स्वच्छता के क्षेत्र में देपालपुर का नंबर वन स्थान हासिल करना पूरे नगर के लिए गर्व और हर्ष का विषय है। यह उपलब्धि किसी एक संस्था की नहीं, बल्कि नगर के प्रत्येक नागरिक, सफाई कर्मचारियों,



जनप्रतिनिधियों और नगर परिषद की पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस गौरवपूर्ण सफलता पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हमारा प्रयास रहेगा कि स्वच्छता के इस मुकाम को निरंतर बनाए रखते हुए देपालपुर को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। स्वच्छ और सुंदर देपालपुर ही हमारा सामूहिक संकल्प है।"

वीरेन्द्र हरिसिंह गुर्जर

मंत्री, भाजपा मंडल देपालपुर

"देपालपुर की स्वच्छता में मिली राष्ट्रीय पहचान यह दर्शाती है कि जब किसी नगर के लोग अपनी जिम्मेदारी को समझकर आगे आते हैं, तो बदलाव केवल सड़कों पर नहीं, बल्कि पूरे शहर की सोच में



दिखाई देता है। इस उपलब्धि ने देपालपुर को देश के नक्शे पर एक नई पहचान दी है। सफाई मित्रों का समर्पण, जनप्रतिनिधियों की पहल और नागरिकों की जागरूकता इस सफलता के मजबूत आधार हैं। अब जरूरत है कि हम स्वच्छता को किसी पुरस्कार या अभियान से न जोड़कर अपनी रोजमर्रा की आदत बनाएं। यही इस सम्मान का वास्तविक सम्मान होगा।"

सुमित गोयल

मेडिकल व्यवसाय, देपालपुर

"देपालपुर ने स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर जो मुकाम हासिल किया है, वह पूरे नगर की एकजुटता और जागरूकता का प्रतीक है। किसी भी शहर को स्वच्छ बनाना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की भागीदारी से ही यह लक्ष्य पूरा होता है। इंदौर-देपालपुर की स्वच्छता जोड़ी ने यह साबित किया है कि सामूहिक इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयासों से छोटे नगर भी देशभर में अपनी पहचान बना सकते हैं। यह सम्मान हमें और अधिक जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है। सभी नगरवासियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई।"



केदार पंड्या-देपालपुर

"देपालपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर मिली यह उपलब्धि पूरे नगर के लिए गर्व की बात है। यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि नगर के प्रत्येक नागरिक, सफाई मित्रों और



स्वच्छता अभियान से जुड़े सभी लोगों के परिश्रम का परिणाम है। जनप्रतिनिधियों की पहल और जनता की सहभागिता ने देपालपुर को नई पहचान दिलाई है। अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि स्वच्छता के प्रति अपनी जागरूकता बनाए रखें और इस सम्मान को भविष्य में भी कायम रखें।"

मनोहरलाल चौधरी-देपालपुर

"देपालपुर की यह उपलब्धि केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि बदलती सोच और सामूहिक जिम्मेदारी की पहचान है। जब जनप्रतिनिधि, प्रशासन, सफाईकर्मी और आम नागरिक एक लक्ष्य लेकर आगे



बढ़ते हैं, तो बदलाव निश्चित रूप से दिखाई देता है। आज देपालपुर ने स्वच्छता के माध्यम से देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। यह सम्मान हमें और बेहतर करने की प्रेरणा देता है। मेरी कामना है कि देपालपुर की स्वच्छता, सुंदरता और विकास का सफर इसी तरह निरंतर आगे बढ़ता रहे।"

बुरहानुद्दीन बोहरा-देपालपुर

"इंदौर-देपालपुर स्वच्छता की जोड़ी ने आपसी समन्वय और सामूहिक प्रयासों से सराहनीय कार्य किया है। देपालपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में मिली राष्ट्रीय पहचान इस बात का प्रमाण है कि बेहतर योजना



और टीम भावना से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। इस उपलब्धि के लिए नगर के सभी जनप्रतिनिधियों, नगर परिषद की टीम और दिन-रात मेहनत करने वाले सफाई मित्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। सभी के प्रयासों से मिले इस सम्मान को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।"

अशोक सोनी-देपालपुर

"इंदौर-देपालपुर स्वच्छता की जोड़ी का स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त करना पूरे नगर के लिए गौरव की बात है। यह उपलब्धि नगर परिषद के कर्मचारियों, सफाई मित्रों, जागरूक नागरिकों और सभी जनप्रतिनिधियों की सामूहिक मेहनत एवं सहयोग का परिणाम है। सभी ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए स्वच्छता अभियान में योगदान दिया, जिसका सकारात्मक परिणाम आज राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान के रूप में सामने आया है। सभी सहयोगियों को हार्दिक बधाई। हमें आगे भी इसी एकजुटता के साथ देपालपुर की स्वच्छता बनाए रखनी है।"

रवि चौरसिया



वरिष्ठ पार्षद, देपालपुर

"देपालपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। विधायक मनोज पटेल के मार्गदर्शन में इंदौर-देपालपुर की स्वच्छता जोड़ी ने जिस तरह



मिलकर काम किया, उसी का सुखद परिणाम है कि आज देपालपुर का नाम पूरे देश में रोशन हुआ है और महामहिम राष्ट्रपति महोदया के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभी पार्षदगण, सफाई मित्रों और नगरवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सभी को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।"

रोहित जीवन पटेल

कपड़ा व्यापारी, जलोदिया पंथ

"देपालपुर के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में नगर ने देश में दूसरा स्थान हासिल कर अपनी अलग पहचान बनाई है। पूर्व में देश में 1710वें और मध्यप्रदेश में 379वें



स्थान पर रहने वाले देपालपुर का यह सफर सामूहिक प्रयासों और निरंतर मेहनत का परिणाम है। इस उपलब्धि पर विधायक मनोज पटेल, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदगण, सफाई कर्मचारियों एवं नगरवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं। सभी के सहयोग से प्राप्त इस सम्मान को बनाए रखना अब हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।"

ईश्वरीय प्रकाश शर्मा

विधायक प्रतिनिधि, देपालपुर

"इंदौर-देपालपुर स्वच्छता की जोड़ी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में देशभर में दूसरा स्थान हासिल कर देपालपुर को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति के प्रयासों से नहीं, बल्कि सफाई



मित्रों की मेहनत, नगरवासियों की जागरूकता और सभी जनप्रतिनिधियों के सामूहिक सहयोग से संभव हुई है। सभी ने मिलकर स्वच्छता को जनभागीदारी का अभियान बनाया, जिसका परिणाम आज राष्ट्रीय सम्मान के रूप में सामने आया है। इस उपलब्धि के लिए सभी सहयोगियों को बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि स्वच्छता की यह मुहिम आगे भी इसी उत्साह से जारी रहेगी।"

अनिल धाकड़

वरिष्ठ पार्षद, देपालपुर

स्वच्छता में इंदौर-देपालपुर की जोड़ी ने देशभर में हासिल किया दूसरा स्थान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किया राष्ट्रीय सम्मान, दिल्ली में आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों ने ग्रहण किया पुरस्कार

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाले इंदौर और देपालपुर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत 'स्वच्छ शहर जोड़ी' श्रेणी में इंदौर-देपालपुर की जोड़ी ने देश में दूसरा स्थान हासिल कर मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि ने स्वच्छता के क्षेत्र में दोनों नगरीय निकायों के बीच समन्वय, सहभागिता और साझा प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। इस प्रतिष्ठित उपलब्धि के उपलक्ष्य में दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों इंदौर-देपालपुर की स्वच्छ शहर जोड़ी को पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर के सांसद शंकर लालवानी, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं देपालपुर नगर परिषद अध्यक्ष अनीता पुरी गोस्वामी ने संयुक्त रूप से पुरस्कार ग्रहण किया। 'स्वच्छ शहर जोड़ी' पहल का उद्देश्य स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों के बीच अनुभवों, तकनीकी कार्यप्रणाली, नवाचारों और प्रभावी प्रबंधन पद्धतियों का आदान-प्रदान कर स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। इसी दिशा में इंदौर और देपालपुर की संयुक्त स्वच्छता पहल ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस राष्ट्रीय सम्मान से देपालपुर नगर परिषद की स्वच्छता गतिविधियों, नगरीय प्रबंधन और जनसहभागिता के प्रयासों को नई पहचान मिली है। वहीं, यह उपलब्धि स्थानीय निकायों के बीच बेहतर समन्वय और साझा कार्यप्रणाली के माध्यम से स्वच्छता के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण भी बनी है। देपालपुर के लिए यह सम्मान विशेष महत्व रखता है। राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त करना नगर परिषद के साथ-साथ नगर के नागरिकों, स्वच्छता कर्मियों और स्वच्छता अभियान से जुड़े सभी लोगों के सामूहिक प्रयासों का गौरवपूर्ण परिणाम है। यह उपलब्धि भविष्य में भी स्वच्छता के प्रति निरंतर जागरूकता और जनभागीदारी बनाए रखने की प्रेरणा देगी।

"देपालपुर ने स्वच्छता के क्षेत्र में जो गौरवशाली मुकाम हासिल किया है, वह पूरे नगर के लिए गर्व और प्रसन्नता का



विषय है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मनोज पटेल, नगर परिषद के सभी जनप्रतिनिधियों एवं नगर के जागरूक नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। सभी के सामूहिक प्रयासों और सहयोग से ही देपालपुर ने स्वच्छता के क्षेत्र में यह पहचान बनाई है। उम्मीद है कि भविष्य में भी स्वच्छता का यह अभियान इसी तरह निरंतर जारी रहेगा।"

संजय नागर-अरिहंत नगर कॉलोनी, देपालपुर

"देपालपुर के लिए यह गौरव और ऐतिहासिक क्षण है कि हमारा नगर स्वच्छता के क्षेत्र में नंबर वन बना है। इस उपलब्धि के लिए मैं इंदौर नगर निगम, स्वच्छता कर्मचारियों एवं नगर की जागरूक जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।



सभी के अथक प्रयासों, मेहनत और सहयोग से ही देपालपुर को यह गौरव हासिल हो पाया है। यह सम्मान पूरे नगर का सम्मान है। आशा है कि भविष्य में भी सभी के सामूहिक सहयोग से हम स्वच्छता के इस गौरव को बरकरार रखेंगे।"

अजय आहूजा
सांसद प्रतिनिधि, देपालपुर

"वर्ष 2025 से पहले देपालपुर में कचरा प्रबंधन और साफ-सफाई की व्यवस्था उतनी बेहतर नजर



नहीं आती थी। लेकिन जब से नगर निगम इंदौर ने देपालपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में गोद लेकर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी संभाली, तब से सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। आज देपालपुर को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना पूरे नगर के लिए गर्व और गौरव का विषय है। यह उपलब्धि स्वच्छता के प्रति किए गए सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।"

सदर हाजी अजीज भाई

"देपालपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में मिली इस उपलब्धि का सबसे बड़ा श्रेय यहां की जागरूक जनता को जाता है। नगरवासियों ने स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने में



महत्वपूर्ण योगदान दिया। जनता के इसी सकारात्मक सहयोग और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है कि देपालपुर ने स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए समस्त नगरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उम्मीद है कि आगे भी सभी इसी तरह अपनी जिम्मेदारी निभाकर देपालपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखेंगे।"

महेंद्र मकवाना-देपालपुर

"देपालपुर में स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। जनप्रतिनिधियों की मेहनत और प्रयासों से नगर की साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर हुई है। इसमें सफाई मित्रों की



महत्वपूर्ण भूमिका रही है, वहीं नगर की जनता ने भी जागरूकता और सहयोग के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई है। सभी के सामूहिक प्रयासों का ही परिणाम है कि आज देपालपुर स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। इस उपलब्धि को आगे भी कायम रखने के लिए सभी को इसी तरह मिलकर प्रयास करते रहना चाहिए।"

ओमपुरी गिरी देपालपुर

"देपालपुर के लिए यह गौरव और हर्ष का विषय है कि स्वच्छता के क्षेत्र में नगर को महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भगवान श्री 24 अवतार जी की पावन कृपा से देपालपुर निरंतर प्रगति के नए



आयाम स्थापित कर रहा है। नगर की बढ़ती पहचान हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। इस उपलब्धि पर नगर परिषद एवं समस्त सफाईकर्मियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आइए, हम सब मिलकर देपालपुर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाए रखने का संकल्प लें।"

अंकित सोनी
सचिव, सराफा एसोसिएशन, देपालपुर

"आज देपालपुर ने स्वच्छता के क्षेत्र में जो उपलब्धि हासिल की है, उससे हम सभी नगरवासी गर्व महसूस कर रहे



हैं। इंदौर नगर निगम द्वारा देपालपुर को स्वच्छता के लिए चयनित कर बेहतर व्यवस्थाएं विकसित करने की दिशा में किए गए प्रयास सराहनीय हैं। इस पहल के लिए इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक मनोज पटेल का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन, सफाईकर्मियों की मेहनत और नगरवासियों के सहयोग से देपालपुर ने यह मुकाम हासिल किया है। यह उपलब्धि पूरे नगर के लिए सम्मान की बात है। हमें मिलकर स्वच्छता के इस स्तर को भविष्य में भी बनाए रखना होगा।"

राजेश (बबलू) माहेश्वरी- देपालपुर

"देपालपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में मिली उपलब्धि पर पूरे नगरवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं। विशेष रूप से इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव का आभार, जिन्होंने देपालपुर को गोद लेकर स्वच्छता की दिशा में बेहतर प्रयासों का मार्ग प्रशस्त किया। नगर परिषद अध्यक्ष का भी धन्यवाद



करना चाहूंगा, जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा की और अधिक से अधिक नागरिकों को इस अभियान से जोड़ा। नगर की जनता ने भी पूरा सहयोग देकर अपनी जिम्मेदारी निभाई है। सभी के साझा प्रयासों से देपालपुर स्वच्छता के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। अब हमारा कर्तव्य है कि इस उपलब्धि को कायम रखें और अपने नगर को हमेशा स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखें।"

गौरव परमार-श्री गुरुकृपा कलेक्शन, देपालपुर

"इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा देपालपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में गोद लेकर किए गए प्रयासों का सुखद परिणाम आज सामने आया है। देपालपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रपति महोदया द्वारा राष्ट्रीय



स्तर पर सम्मानित किया जाना हम सभी नगरवासियों के लिए गर्व और गौरव की बात है। इस उपलब्धि के लिए विधायक मनोज पटेल एवं नगर परिषद के सभी जनप्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। यह सम्मान पूरे देपालपुर नगर का सम्मान है। आशा है कि सभी के सामूहिक प्रयासों से स्वच्छता की यह उपलब्धि आगे भी निरंतर बनी रहेगी।"

प्रवीण जैन-समाजसेवी, देपालपुर

"देपालपुर का स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि नगर के जनप्रतिनिधियों, नगर परिषद, सफाई मित्रों और जागरूक नागरिकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

स्वच्छता के प्रति लोगों की बढ़ती जागरूकता और



सकारात्मक सोच से नगर की तस्वीर बदली है। मेरा मानना है कि Cleanliness is not just a responsibility, it is a lifestyle. हमें इसी सोच के साथ आगे बढ़ते हुए देपालपुर की स्वच्छता और सुंदरता को हमेशा बरकरार रखना चाहिए।"

डॉ. सुमित चौहान
एमडी मेडिसिन, देपालपुर

"देपालपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में मिली राष्ट्रीय पहचान हम सभी के लिए खुशी और सम्मान की बात है। किसी भी नगर की सुंदरता उसकी स्वच्छता से पहचानी जाती है। इस मुकाम तक पहुंचने में जनप्रतिनिधियों की पहल, सफाईकर्मियों की मेहनत और आम नागरिकों की जागरूकता का अहम योगदान रहा है। इंदौर नगर निगम के सहयोग से देपालपुर में स्वच्छता को लेकर नई सोच और बेहतर व्यवस्थाएं विकसित हुई हैं। अब हमारी जिम्मेदारी है कि इस उपलब्धि को बनाए रखें और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ देपालपुर सौंपें।"

भरत सेन
संचालक, महाकाल फर्नीचर-देपालपुर

"यह देपालपुर के लिए अत्यंत गर्व और गौरव का विषय है कि हमारे नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है। यह उपलब्धि नगर की जनता, जनप्रतिनिधियों, रहवासियों और सभी सहयोगियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। सभी के सहयोग और सहभागिता से ही देपालपुर ने यह मुकाम हासिल किया है। उम्मीद है कि नगरवासी इसी तरह अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे और स्वच्छता के इस गौरव को भविष्य में भी बरकरार रखेंगे।"

डॉ. मुकेश सेन



महावीर हॉस्पिटल, देपालपुर

दैनिक विश्वनाथ समाचार
इंदौर, गुरुवार 12 नवम्बर 2026

स्वच्छता में देश में दूसरा स्थान


सफाई मित्रों का हुआ भव्य सम्मान, चिंटू वर्मा ने खिलाई मिठाई, दिए गिफ्ट

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में इंदौर-देपालपुर की जोड़ी ने पूरे देश में सिरमौर बनकर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस ऐतिहासिक सफलता पर देपालपुर नगर के सभी सफाई मित्रों का भव्य सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चिंटू वर्मा ने देपालपुर नगर के 7,000 घरों में 14,000 डस्टबिन अपनी ओर से निःशुल्क वितरित किए थे। इससे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग होने लगा, जिससे देपालपुर को स्वच्छता में यह बड़ी सफलता मिली।

भाजपा इंदौर जिले के पूर्व अध्यक्ष चिंटू वर्मा ने सभी सफाई मित्रों को अपने निवास स्थान पर बुलाकर उनका स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर सभी सफाई मित्रों को माला पहनाकर और उन पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने सपत्नीक अपनी पत्नी श्रीमती दीप्ति वर्मा के साथ सभी सफाई मित्रों को मिठाई खिलाई, गिफ्ट दिए और उनके साथ आतिशबाजी की। इस अवसर पर चिंटू वर्मा ने इस सफलता के लिए इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव जी, देपालपुर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अनिता महेश पूरी जी सहित सभी जनप्रतिनिधि, देपालपुर नगर की जनता, देपालपुर परिषद् व नगर निगम की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तीर्थ नगरी को स्वच्छ नगरी बनाने में सफाई मित्रों का योगदान सबसे बड़ा है। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि देपालपुर को स्वच्छता में नंबर-1 बनाए रखना ही हमारा संकल्प है। इस अवसर पर पार्षद श्री रवि चौरसिया, पार्षद श्री सोमिल माली, पीयूष विजयवर्गीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

चिंटू वर्मा ने इस सफलता के लिए इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव जी, देपालपुर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अनिता महेश पूरी जी सहित सभी जनप्रतिनिधि, देपालपुर नगर की जनता, देपालपुर परिषद् व नगर निगम की पूरी टीम का आभार व्यक्त



















श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं को मिलेगी चाय, दूध, छाछ एवं महाप्रसाद की सुविधा

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन हेतु देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा प्रसाद एवं अल्पाहार वितरण की नई व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित निशुल्क अन्नक्षेत्र के अतिरिक्त मानसरोवर भवन एवं विश्राम धाम सहित निर्धारित स्थानों पर श्रद्धालुओं को दूध, छाछ, हलवा, पोहा एवं अन्य मीठा प्रसाद उपलब्ध कराया जाएगा।

मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुगम दर्शन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए प्रबंध समिति द्वारा दर्शनार्थियों को कतार में ही प्रसाद एवं अल्पाहार उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। मंदिर में दर्शनार्थियों की कतार निरंतर संचालित रहती है तथा सामान्यतः 15 से 20 मिनट में श्रद्धालु सुगमता से दर्शन कर लेते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए कतार में चलते हुए ही प्रसाद वितरण की व्यवस्था की जा रही है। श्री कौशिक ने बताया कि पूर्व में भस्म आरती में सम्मिलित होने वाले श्रद्धालुओं को पोहा प्रसाद वितरित



किया जाता था, लेकिन अब सामान्य दर्शनार्थियों को भी पोहा प्रसाद उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही अलग-अलग दिनों में अन्नक्षेत्र में तैयार होने वाला हलवा, पोहा एवं अन्य पारंपरिक मीठा प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा। कतार में आने वाले छोटे बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके लिए गर्म दूध एवं बिस्किट की विशेष व्यवस्था भी रहेगी।

मौसम के अनुसार उपलब्ध कराए जाएंगे पेय पदार्थ

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मौसम के अनुरूप पेय पदार्थों की व्यवस्था की जाएगी। शीतकाल में चाय, कॉफी एवं गर्म दूध उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि ग्रीष्मकाल में छाछ, शरबत एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था रहेगी। इससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान आवश्यक पेय पदार्थ एवं अल्पाहार की सुविधा मिल सकेगी।

प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की तैयारी

सप्ताहांत एवं अवकाश के दिनों में मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रबंध समिति द्वारा प्रसाद एवं अल्पाहार वितरण की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। समिति द्वारा प्रतिदिन लगभग एक लाख श्रद्धालुओं तक प्रसाद एवं अल्पाहार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आवश्यकता एवं श्रद्धालुओं की संख्या के अनुसार इस व्यवस्था का विस्तार भी किया जा सकेगा।

छठ पूजा पर घर लौटने वाले यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे अलर्ट, प्रमुख स्टेशनों पर विशेष इंतजाम

इंदौर, उज्जैन और रतलाम स्टेशनों पर बढ़ाई निगरानी, सामान्य कोचों में कतारबद्ध प्रवेश की व्यवस्था; अतिरिक्त उद्घोषणाओं से यात्रियों को दी जा रही जानकारी

रतलाम/इंदौर। छठ पूजा के पर्व पर अपने गृह नगर लौटने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए हैं। इंदौर, उज्जैन, रतलाम और नागदा सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। वहीं, प्लेटफार्मों पर भीड़ नियंत्रण, यात्रियों को उचित मार्गदर्शन और ट्रेनों में व्यवस्थित प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए रेलकर्मियों की विशेष तैनाती की गई है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि त्योहार के दौरान यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा रेल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए टिकट चेकिंग स्टाफ, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी आपसी समन्वय से लगातार निगरानी कर रहे हैं, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा का लाभ मिल सके। इंदौर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए कोच डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से ट्रेनों में कोचों की स्थिति की जानकारी दी जा रही है। साथ ही नियमित उद्घोषणाओं के जरिए ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान, सामान्य कोचों की स्थिति और अन्य जरूरी सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं। बिहार एवं उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में सामान्य श्रेणी के यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से प्रवेश कराया जा रहा है, जिससे प्लेटफार्म पर अनावश्यक भीड़ और अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित न हो। इंदौर से पटना, डॉ. अम्बेडकर नगर से पटना, हावड़ा, सूबेदारगंज और वाराणसी की ओर जाने वाली प्रमुख ट्रेनों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए विशेष निगरानी रखी जा रही है। टिकट चेकिंग स्टाफ, आरपीएफ और जीआरपी के जवान प्लेटफार्मों पर नियमित गश्त कर रहे हैं तथा यात्रियों को सुरक्षित तरीके से ट्रेन में चढ़ने में सहायता प्रदान कर रहे हैं। इसी तरह उज्जैन और रतलाम रेलवे स्टेशनों पर भी अधिक यात्री आवागमन वाली ट्रेनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। आरपीएफ के जवान प्लेटफार्मों पर लगातार नजर रख रहे हैं और जरूरत के अनुसार यात्रियों को मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। रेलवे प्रशासन ने छठ पूजा के मद्देनजर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पश्चिम रेलवे के बांद्रा टर्मिनस, अहमदाबाद, सूरत, उधना, उतरण और वडोदरा सहित प्रमुख स्टेशनों से गोरखपुर, पटना, दानापुर, राजगीर, झंझारपुर और जयनगर जैसे गंतव्यों के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन भी किया है। इनमें कई अनारक्षित विशेष ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों को रतलाम मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है।

भाई दूज पर भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व, घरों में हुआ पारंपरिक पूजन

देपालपुर। नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में भाई दूज का पर्व श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। दीपावली पर्व के पांच दिवसीय उत्सव के अंतिम प्रमुख पर्व के रूप में मनाई जाने वाली भाई दूज पर बहनों ने अपने भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाकर उनकी सुख-समृद्धि, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर जीवनभर उनकी रक्षा और सहयोग का संकल्प दोहराया। सुबह से ही नगर के विभिन्न मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। बहनों ने घरों में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा शुभ मुहूर्त में भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाई। भाइयों ने बहनों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया तथा उन्हें उपहार और शगुन भेंट किए। पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक रही। मिठाई, फल, पूजन सामग्री और उपहारों की दुकानों



पर लोगों की आवाजाही बनी रही। जिन बहनों के भाई अन्य शहरों में निवास करते हैं, उन्होंने फोन और वीडियो कॉल के माध्यम से शुभकामनाएं देकर पर्व की खुशियां साझा कीं। वहीं कई परिवारों में बहनें अपने भाइयों के घर पहुंचीं तो कहीं भाई अपनी बहनों के यहां पहुंचे। भाई दूज का पर्व भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, आत्मीयता और पारिवारिक रिश्तों की मजबूती का प्रतीक है। नगर के साथ ही आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाया गया। पूरे क्षेत्र में त्योहार की खुशियां और पारिवारिक सौहार्द का माहौल दिखाई दिया।

केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, कलेक्टर एवं एसपी ने डही में हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



जीवन डोडिया
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

धार। आगामी 15 नवंबर को कुक्षी के डही में आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय समारोह एवं डही माइक्रो सिंचाई परियोजना के भव्य लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा ने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंच, पाण्डाल, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, यातायात, विद्युत, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं



के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने जनजातीय गौरव दिवस एवं लोकार्पण कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन की समस्त तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करते हुए व्यवस्थाएं चाक-चौबंद सुनिश्चित करें।

दैनिक विश्वनाथ समाचार
इंदौर, गुरुवार 12 नवम्बर 2026

जीत के जश्न के तुरंत बाद सफाई में जुटे सफाई मित्र, स्वच्छता को दी प्राथमिकता

उत्सव और खुशियों के बीच भी जिम्मेदारी नहीं भूले उज्जैन के सफाई मित्र, जश्न समाप्त होते ही संभाली स्वच्छता की कमान

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

उज्जैन। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 में 03 से 10 लाख की जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर उज्जैन ने एक बार फिर स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में हर्षोल्लास के साथ जीत का जश्न मनाया गया।

इस दौरान आतिशबाजी कर खुशियाँ मनाई गईं, पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया तथा मिठाइयों का वितरण कर एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं। जहाँ एक ओर नगर निगम मुख्यालय में इस ऐतिहासिक उपलब्धि की खुशी में उत्सव का माहौल था, वहीं दूसरी ओर जश्न समाप्त होते ही नगर निगम के सफाई मित्रों ने तत्काल परिसर में सफाई की जिम्मेदारी संभालते हुए पूरे परिसर को स्वच्छ बनाने का कार्य प्रारंभ



कर दिया। आतिशबाजी और उत्सव के दौरान उत्पन्न हुए कचरे को सफाई मित्रों ने बिना किसी विलंब के एकत्रित कर परिसर की साफ-सफाई पूरी कर दी।

सफाई मित्रों का यह कार्य केवल सफाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने अपने समर्पण और जिम्मेदारी से एक महत्वपूर्ण संदेश भी दिया कि उत्सव हो, त्योहार हो या किसी बड़ी उपलब्धि का जश्न, स्वच्छता के प्रति हमारी जिम्मेदारी हमेशा सर्वोपरि है। सफाई मित्रों ने अपने कार्य के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया कि उज्जैन को स्वच्छता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान दिलाने में जिस मेहनत, लगन और निरंतरता का योगदान रहा है, उसे आगे भी इसी तरह बनाए रखा जाएगा।

उज्जैन की इस उपलब्धि के पीछे सफाई मित्रों की मेहनत और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका है। जीत का जश्न समाप्त होते ही सफाई में जुटे इन कर्मवीरों ने साबित कर दिया कि स्वच्छता उनके लिए केवल एक अभियान नहीं, बल्कि उनकी कार्यसंस्कृति और जिम्मेदारी है। किसी भी अवसर पर अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटते हुए शहर की स्वच्छता व्यवस्था को निरंतर बेहतर बनाए रखने के लिए सभी सफाई मित्र पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे।

मंच से विधायक को बताया 'पागल'

BJP जिलाध्यक्ष के बयान पर सन्न रह गए कार्यकर्ता, फिर बताई ऐसी वजह कि गूंजने लगी तालियां!

शिवपुरी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में भाजपा की एक जिला स्तरीय बैठक उस समय चर्चा का विषय बन गई, जब पार्टी के जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने सार्वजनिक मंच से पिछोर विधायक प्रीतम लोधी को 'पागल' कह दिया। मंच पर मौजूद पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अचानक निकले इस शब्द को सुनकर कुछ पल के लिए सन्न रह गए। किसी को समझ नहीं आया कि जिलाध्यक्ष ने आखिर विधायक के लिए इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल क्यों किया। हालांकि, अगले ही पल जसवंत जाटव ने अपने बयान का अर्थ स्पष्ट करते हुए ऐसा राजनीतिक और भावनात्मक अंदाज पेश किया कि माहौल बदल गया। उन्होंने विधायक के इस कथित पागलपन को पिछोर के विकास, तरक्की और कार्यकर्ताओं के सम्मान के प्रति उनका जुनून बताया।

पिछोर में आयोजित भाजपा की जिला स्तरीय बैठक में पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक का माहौल सामान्य था और मंच से नेताओं के संबोधन का सिलसिला चल रहा था। इसी दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने विधायक प्रीतम लोधी का जिक्र करते हुए कहा कि हमारा विधायक पागल है। उनके मुंह से यह शब्द सुनते ही सभागार में मौजूद लोगों का ध्यान मंच की ओर चला गया। राजनीतिक कार्यक्रम में अपनी ही पार्टी के विधायक के लिए जिलाध्यक्ष की ओर से इस तरह का संबोधन अप्रत्याशित था। यही वजह रही कि कार्यकर्ताओं के बीच कुछ क्षणों के लिए असहज स्थिति बन गई।

इस दौरान मंच पर जिलाध्यक्ष के बगल में बैठे पिछोर विधायक प्रीतम लोधी भी उनकी बात सुन रहे थे। जैसे ही जसवंत जाटव ने विधायक को पागल कहा, प्रीतम लोधी मुस्कुराते नजर आए। वे जिलाध्यक्ष का कुर्ता खींचकर उन्हें रोकने या अपनी प्रतिक्रिया देने की कोशिश करते दिखाई दिए। विधायक के इस अंदाज ने भी वहां मौजूद लोगों का ध्यान खींचा। हालांकि, उनके चेहरे पर नाराजगी के बजाय मुस्कान दिखाई दी। इससे मंच पर मौजूद लोगों को भी कुछ राहत मिली और सभी जिलाध्यक्ष की अगली बात सुनने लगे।

जसवंत जाटव ने अपने संबोधन में तत्काल स्पष्ट कर दिया कि उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए पागल शब्द का अर्थ किसी तरह का अपमान नहीं है। उनका कहना था कि प्रीतम लोधी पिछोर के विकास और क्षेत्र की तरक्की के लिए जुनूनी हैं। वे चाहते हैं कि पिछोर में बेहतर सुविधाएं विकसित हों, लोगों को सम्मान मिले और क्षेत्र को विकास के मामले में नई पहचान हासिल हो। जिलाध्यक्ष के मुताबिक विधायक का यही जुनून उन्हें इस तरह का काम करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि अगर क्षेत्र के विकास और जनता की खुशहाली के लिए ऐसा पागलपन जरूरी है तो वे इसे स्वीकार करते हैं।

जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में विधायक प्रीतम लोधी की तारीफ करते हुए उन्हें मध्य प्रदेश का कोहिनूर तक बता दिया। इस तरह शुरुआत में चौंकाने वाला उनका बयान धीरे-धीरे विधायक की प्रशंसा में बदल गया। उन्होंने विधायक की राजनीतिक सक्रियता और पिछोर के विकास के प्रति उनके समर्पण को रेखांकित किया। खास तौर पर कार्यकर्ताओं के सम्मान का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रीतम लोधी की प्राथमिकताओं में पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मान भी शामिल है। उनके अनुसार, विधायक अपने क्षेत्र के लोगों और संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं के लिए लगातार प्रयास करते हैं। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे दिलचस्प पहलू यह रहा कि एक ही शब्द ने बैठक के माहौल को कुछ क्षणों के लिए गंभीर बना दिया, लेकिन उसकी व्याख्या ने उसे प्रशंसा में बदल दिया।

सिंधिया ने कांग्रेस को क्यों दी ज्योतिषी बदलने की सलाह?

सोनिया गांधी की किताब पर कह दी बड़ी बात



ग्वालियर। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर चंबल अंचल के चार दिवसीय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आगामी पांच राज्यों के चुनावों को लेकर कांग्रेस की भविष्यवाणी पर तंज कसा। सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस कई सालों से गलत ज्योतिषी के संपर्क है।

इसलिए सभी भविष्यवाणी फेल हो जाती है। वहीं सोनिया गांधी की किताब से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा नो कमेंट ... आज केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर एयरपोर्ट पर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आगामी पांच राज्यों में जनवरी में संभावित विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे जीत के दावे से जुड़े सवाल पर सिंधिया ने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसा। सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस हर साल नए साल पर नया आगाज करती है। भगवान के आशीर्वाद से हर साल नए साल का आगाज पृथ्वी पर होता है। वहीं कांग्रेस की जो सदैव भविष्यवाणी होती है, शायद गलत ज्योतिष के पास कई वर्षों से कांग्रेस जा रही है। उन्हें अपने ज्योतिष को बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर आज मेहनत और मशक्कत प्रेम भाव और एक संकल्प के साथ विकास और प्रगति की जाती है और वह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जन-जन का विकास हुआ है।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जबलपुर, धार, जोबट और खंडवा में होगे राज्यस्तरीय समारोह

बिरसा मुंडा जयंती पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव धार जिले में करेंगे रोड-शो,गांवों में जाकर ग्रामीणों से करेंगे संवाद,मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना में स्वामित्व अधिकार पंजीयन का निष्पादन कराकर,धार जिले को देंगे विकास कार्यों की सौगात, मुख्यमंत्री करेंगे डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण, नर्मदा का जल बदलेगा जनजातीय अंचल की खेती की तस्वीर, 126 गांवों को मिलेगी सिंचाई की सौगात, 1353.18 करोड़ की सिंचाई परियोजना से दो जिलों के 47 हजार हेक्टे. रकबे में पहुंचेगा सिंचाई जल, धार और आलीराजपुर जिले के लगभग 1.26 लाख किसान होंगे लाभान्वित, धार जिले की 85 ग्राम पंचायतों में लगेंगी कृषि चौपाल और पाठशालाएं, क्षेत्रीय किसानों को दिया जाएगा आधुनिक खेती का प्रशिक्षण



जीवन डोडिया
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

धार। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती (राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस) के अवसर पर राज्य सरकार आगामी 14, 15 एवं 16 नवम्बर को त्रिदिवसीय जयंती समारोह मनाने जा रही है। इसके तहत राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में 14 नवम्बर को जबलपुर, 15 नवम्बर को धार एवं जोबट (जिला आलीराजपुर) और 16 नवम्बर को खंडवा जिले में राज्यस्तरीय भव्य आयोजन होने जा रहा है। धार जिले में 15 नवम्बर को होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम से जुड़कर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे।

धार में होगा विशेष कार्यक्रम

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 नवम्बर को धार पहुंचेगें तथा भगवान बिरसा मुंडा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री डा. यादव धार जिले में रोड शो भी करेंगे। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री क्षेत्रीय ग्रामीणों के बीच जायेंगे और उनसे संवाद कर शासकीय योजनाओं के लाभ प्रदाय का फ़ीडबैक भी लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव धार जिले में मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना (स्वामित्व अधिकार पंजीयन) के तहत पात्र पट्टेधारियों के प्लाट और मकान की रजिस्ट्री का अपने समक्ष निष्पादन भी करायेंगे। साथ ही धार जिलेवासियों को करोड़ों की लागत के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। भगवान बिरसा मुंडा जयंती को और भी विशेष बनाते हुए मुख्यमंत्री डा. यादव इसी दिन 'डही माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट' का लोकार्पण कर



धार और आलीराजपुर जिले के किसानों के खेतों में नर्मदा जल से सिंचाई का अनुपम उपहार देंगे।

एक सिंचाई परियोजना बदलेगी दो जिलों की तकदीर और तस्वीर

प्रदेश के जनजातीय अंचलों में विकास की नई इबारत लिखने और किसानों के खेतों में टेल एंड तक सिंचाई का पानी पहुंचाने की दिशा में राज्य सरकार का एक और महत्वपूर्ण प्रयास अब धरातल पर उतरने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 15 नवम्बर को जनजातीय बहुल धार जिले के पुलिस ग्राउंड डही में होने वाले राज्यस्तरीय आयोजन में नवनिर्मित 'डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना' का लोकार्पण करेंगे। मां नर्मदा के जल से सिंचित होने वाली यह महत्वाकांक्षी परियोजना धार और आलीराजपुर दो जिलों के कुल 126 गांवों के किसानों के लिए खेती-किसानी की समृद्धि और नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हमारा संकल्प है कि खेतों तक पानी पहुंचे, किसान समृद्ध हों और जनजातीय अंचल विकास की मुख्यधारा में अपनी नई पहचान बनाए। डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना इसी संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

डही इरीगेशन प्रोजेक्ट के बारे में

डही माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट से धार जिले के 84 और आलीराजपुर जिले के 42 गांवों की लगभग 47 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को रबी मौसम में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे लगभग 1 लाख 26 हजार किसान लाभान्वित होंगे। परियोजना के जरिए 166.51 मिलियन घनमीटर जल उद्वहन कर 47000 हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना के संचालन के लिए 58.87 मेगावाट विद्युत म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा कुक्षी तहसील क्षेत्र में स्थित 220 केवी अति उच्च दाब सुसारी सब-स्टेशन तथा जोबट स्थित 132 केवी सब-स्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जाएगी। परियोजना से धार जिले की कुक्षी तहसील क्षेत्र में 13,180 हेक्टेयर एवं डही तहसील क्षेत्र में 15,895 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इसी परियोजना से आलीराजपुर जिले की जोबट तहसील क्षेत्र में 15,963 हेक्टेयर, सोण्डवा तहसील क्षेत्र में 1,759 हेक्टेयर एवं आलीराजपुर तहसील क्षेत्र में 1,958 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की स्थायी सुविधा का लाभ मिलेगा। परियोजना से गेहूं, चना, सब्जियों सहित विभिन्न फसलों के उत्पादन को और भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही फसल विविधीकरण और किसानों की आय में वृद्धि की संभावनाएं भी मजबूत होंगी। यह परियोजना लक्षित जनजातीय अंचल में कृषि विकास, जल संरक्षण और किसानों की खुशहाली का नया अध्याय लिखेगी।

परियोजना की लागत और क्षमता

करीब 1353.18 करोड़ रुपए की लागत से नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित इस परियोजना का निर्माण कार्य 30 जून 2026 को पूरा हो चुका है। वर्तमान में परीक्षण (टेस्टिंग) का काम चल रहा है। परियोजना की विशेषता इसकी आधुनिक तकनीक है। इसमें मां नर्मदा नदी से डही तहसील के ग्राम कातरखेड़ा के समीप निर्मित इंटेक संरचना के जरिए जल का उद्वहन कर अत्याधुनिक दबावयुक्त भूमिगत पाइपलाइन से यह जल किसानों के खेतों तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए पांच आधुनिक पम्प हाउसेस निर्मित किए गए हैं। इसमें लगभग 58 किलोमीटर राइजिंग मेन तथा हजारों किलोमीटर वितरण क्षमता वाली पाइपलाइन्स का निर्माण किया गया है। यहां सम्पूर्ण सिंचाई व्यवस्था जल के संरक्षण और इसके अधिकतम उपयोग को ध्यान में रखकर विकसित की गई है।

कृषि चौपाल और कृषि पाठशालाओं से किसानों को मिलेगा आधुनिक खेती का प्रशिक्षण

परियोजना का लाभ सिंचाई सुविधा तक ही सीमित न रहे, बल्कि किसान आधुनिक एवं उन्नत कृषि पद्धतियां अपनाकर अपनी आय भी बढ़ा सकें, इस उद्देश्य से विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत 11 से 15 नवम्बर तक परियोजना क्षेत्र की 85 ग्राम पंचायतों में कृषि चौपाल एवं कृषि पाठशालाएं आयोजित की जाएंगी। इनमें किसानों को आधुनिक खेती के तौर-तरीकों, जल प्रबंधन, सिंचाई जल के प्रभावी उपयोग तथा फसल विविधीकरण के लाभों की जानकारी दी जाएगी। किसानों को वैज्ञानिक एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों के संबंध में प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

लोकार्पण समारोह में दिखेगी आधुनिक खेती की तस्वीर, लगेगी 'स्मार्ट किसान एवं प्रेसिजन फार्मिंग' की लाइव प्रदर्शनी- धार में जनजातीय गौरव दिवस समारोह स्थल पर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से रूबरू कराने के लिए 'स्मार्ट किसान एवं प्रेसिजन फार्मिंग' विषय पर विशेष लाइव प्रदर्शनी स्टॉल स्थापित किया जाएगा। प्रदर्शनी में आधुनिक कृषि प्रणालियों, उन्नत तकनीकों, वैज्ञानिक खेती के तरीकों और विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। किसानों को तकनीकों का लाइव प्रदर्शन दिखाकर उनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में बताया जाएगा। इसमें किसानों को खेती के साथ उद्यानिकी , पशुपालन एवं मत्स्य पालन जैसी गतिविधियां अपनाकर आमदनी बढ़ाने के नये साधनों के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। "जनजातीय गौरव दिवस' आयोजन के लिए शासन ने जारी किए निर्देश- धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर राज्यस्तरीय समारोह के अलावा जिलों में भी विभिन्न कार्यकम आयोजित किए जाएंगे। राज्य शासन ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स तथा जनजातीय कार्य एवं अनूसूचित जाति विकास विभाग के जिलाधिकारियों को 88 जनजातीय विकासखंडों में "जनजातीय गौरव दिवस' के विभिन्न आयोजनों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। शालाओं में 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोहपूर्वक मनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही विभागीय विद्यालयों में 16 से 18 नवम्बर तक भगवान बिरसा मुंडा की गौरवगाथा/देश के प्रति जनजातीय नायकों के योगदान पर केंद्रित सांस्कृतिक/साहित्यिक कार्यक्रम तथा जनजातीय नृत्य, नाटक, संगीत, रंगोली, चित्रकला, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन करने को भी कहा है।

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम में एलाइड हेल्थ साइंसेज पाठ्यक्रमों की 40 सीटों पर प्रवेश का अवसर

14 नवंबर को होगी काउंसलिंग, प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक होगा पंजीयन

रतलाम। डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम में संचालित एलाइड हेल्थ साइंसेज (Allied Health Sciences) पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश के लिए काउंसलिंग का आयोजन 14 नवंबर 2026 को किया जाएगा। महाविद्यालय में बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (BMLS) की 20 सीटों तथा डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (DMLT) की 20 सीटों सहित कुल 40 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। BMLS पाठ्यक्रम की अवधि चार वर्ष तथा DMLT पाठ्यक्रम की कुल अवधि दो वर्ष होगी, जिसमें छह माह का क्लिनिकल प्रशिक्षण सम्मिलित रहेगा। इस वर्ष की विशेष बात यह है कि उक्त दोनों पाठ्यक्रमों में नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशन्स (NCAHP) द्वारा निर्धारित नवीन पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को 14 नवंबर 2026 को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर पंजीयन कराना होगा।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में मध्यप्रदेश के 9 शहरों को मिला राष्ट्रीय सम्मान

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में प्रदान किए पुरस्कार



बुधनी, देपालपुर, देवास, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सागर और उज्जैन को मिला गौरव

केंद्रीय मंत्री खट्टर और राज्य मंत्री साहू की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ समारोह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, स्वच्छता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश के लिए बना उदाहरण



जीवन डोडिया
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

उज्जैन। मध्यप्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत प्रदेश के 9 नगरीय निकायों को राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इनमें बुधनी, देपालपुर, देवास, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सागर और उज्जैन शामिल हैं। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में पुरस्कार प्रदान किए। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री श्री मनोहर लाल और केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश के आवासीय आयुक्त एवं आयुक्त नगरीय कल्याण संकेत भोंडवे ने राज्य सरकार की ओर से पुरस्कार ग्रहण किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान प्रदेश के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सफाई मित्रों और नागरिकों के सामूहिक परिश्रम का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन प्रारंभ कर देश में स्वच्छता की नई चेतना जागृत की। पिछले 12 वर्षों में स्वच्छता के प्रति देशवासियों के व्यवहार और सोच में सकारात्मक बदलाव आया है। मध्यप्रदेश स्वच्छता के क्षेत्र में देश के लिए उदाहरण बन चुका है। हमारे प्रयासों, नवाचारों, इच्छाशक्ति और जनभागीदारी ने प्रदेश को स्वच्छता के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान दिलाई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में देश के किसी भी अन्य राज्य की तुलना में मध्यप्रदेश के सर्वाधिक 9 शहरों को राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है। इस वर्ष कुल 57 राष्ट्रीय पुरस्कारों में से 9 पुरस्कार प्रदेश को मिले हैं। यह उपलब्धि स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश की निरंतर प्रगति और प्रभावी प्रयासों को दर्शाती है।

विभिन्न श्रेणियों में मध्यप्रदेश के शहरों को मिला सम्मान

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में इंदौर को स्वच्छ शहर जोड़ी-मेंटर, देपालपुर को स्वच्छ शहर जोड़ी-मेंटी, जबलपुर को 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले वर्ग में स्वच्छ शहर रैंक-2, उज्जैन को 3 लाख से 10 लाख जनसंख्या वर्ग में स्वच्छ शहर रैंक-1, देवास को 50 हजार से 3 लाख जनसंख्या वर्ग में स्वच्छ शहर रैंक-1, सागर को इसी वर्ग में स्वच्छ शहर रैंक-3, बुधनी को 20 हजार से कम जनसंख्या वर्ग में स्वच्छ शहर रैंक-3, रीवा को स्वच्छ रिवर फ्रंट शहर रैंक-1 तथा ग्वालियर को स्वच्छ सिटी अवार्ड प्राप्त हुआ है।

जनभागीदारी और सफाई मित्रों का योगदान महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वच्छता का यह जनआंदोलन सफाई मित्रों के अथक परिश्रम के बिना संभव नहीं है। सर्दी, गर्मी और बरसात में निरंतर सेवाएं देने वाले सफाई मित्र स्वच्छता अभियान की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर ने दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक प्रतिबद्धता और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से देश के सामने स्वच्छता का अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया है।

स्वच्छता से बढ़ेंगे निवेश, पर्यटन और रोजगार के अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ शहर ही निवेश, पर्यटन, उद्योग और रोजगार के बेहतर अवसरों के केंद्र बनते हैं। स्वच्छ वातावरण से नागरिकों के स्वास्थ्य में सुधार होता है और शहरों की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलती है। सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत उज्जैन सहित प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, सार्वजनिक शौचालय, यातायात और पर्यावरण संरक्षण की व्यवस्थाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने नगरीय निकायों में जीपीएस आधारित कचरा संग्रहण, आधुनिक कचरा प्रसंस्करण केंद्र, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, कम्पोस्ट निर्माण, वेस्ट टू एनर्जी और डिजिटल मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी नगरीय निकायों से प्रत्येक वार्ड में नियमित सफाई, घर-घर कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव, जल स्रोतों और नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने तथा सफाई मित्रों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प मध्यप्रदेश के प्रत्येक नगर को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक नगरीय सुविधाओं का आदर्श बनाना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में स्वच्छ और स्वस्थ शहरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त सभी नगरीय निकायों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान प्रदेश को स्वच्छता के क्षेत्र में और अधिक परिश्रम करने, बेहतर परिणाम देने तथा नए प्रतिमान स्थापित करने की प्रेरणा देगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक संदीप परमार द्वारा उदयरत्न ऑफसेट 170/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड, उज्जैन से मुद्रित एवं 215, सोमानी नगर, एयरपोर्ट 60 फीट रोड, इंदौर (म.प्र.) 452005 से प्रकाशित।
सनातन दवदी (स्थानीय संपादक)/ उत्कर्ष जैन-(जीवन डोडिया-9926084685) RNI No. MPHIN/25/A4357- (सभी विवादों का क्षेत्र इंदौर रहेगा)- (नोट : पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)-मो. 7000928755 E-mail:- vishwanathsamachar@gmail.com